सुविचार

अपने से बेहतर लोगों के साथ समय बिताना अच्छा होता है। ऐसे सहयोगी बनाएं जिनका व्यवहार आपसे अच्छा हो, और आप उस दिशा में बढ़ जायेंगे।

- वॉरेन बफे

अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, शनिवार, 21 मार्च 2026

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- बारिश में ब्रेक मारने पर फिसली बाइक, युवक को कार ने रौंदा II
- बारिश और पुष्पवर्षा के बीच बढ़ती रही शोभायात्रा III
- धतूरे की पत्तियों से रुकेगी ट्यूमर की ग्रोथ IV

शहर में आज

- लविवि के भाउराव देवरस शोधपीठ में एआई पर आयोजित कार्यशाला का छठवां दिन जिसमें विशेषज्ञ विभिन्न विषयों पर विचार रखेंगे 11 : 00 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

सिटी ब्रीफ

कल खुलेंगे कैश काउंटर और जोनल कार्यालय

अमृत विचार, लखनऊ : गृहकर वसूली में तेजी लाने के लिए नगर निगम के जोनल कार्यालय और कैश काउंटर रविवार को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे। भवन स्वामी इस सुविधा का लाभ उठाते हुए अपना बकाया गृहकर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा जोनल कार्यालयों में भवन स्वामियों का कर निर्धारण, डाटा फीडिंग और अन्य संबंधित कार्य किए जाएंगे। सभी वार्डों में भवन स्वामियों की सुविधा के लिए शिविर लगाए जाएंगे।

इनोवेशन व आत्मनिर्भर भारत पर दिया जोर

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज स्थित अंबालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को एक विशेष प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसरो के पूर्व अध्यक्ष ए. एस. किरण कुमार तथा विशिष्ट अतिथि टेक्नोलॉजी पॉलिसी एक्सपर्ट विनीत गोयनका रहे। दोनों अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।संस्थान के चेयरमैन अंबिका मिश्रा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि ए.एस. किरण कुमार ने अपने संबोधन में भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंगलयान मिशन जैसे ऐतिहासिक मिशनों की सफलता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि स्पेस टेक्नोलॉजी का उपयोग केवल अंतरिक्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि वेदर फोरकास्टिंग, कृषि और डिजास्टर मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में भी इसका व्यापक योगदान है।उन्होंने छात्रों को इनोवेशन, रिसर्च और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि "सीखने की प्रक्रिया स्वान्त : सुखाय से शुरू होकर स्वाध्याय तक पहुंचती है।

शारदा नगर विस्तार योजना में बनाए जाएंगे 848 मकान

एलडीए की 187वीं बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 5148 करोड़ का बजट पास

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण की 187वीं बोर्ड बैठक प्राधिकरण के पारिजात सभागार में हुई। जिसमें प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 5,148 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई। साथ ही कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

शारदा नगर विस्तार योजना में अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के तहत 200 करोड़ रुपये से 848 फ्रैंडली मकान बनाने का निर्णय लिया गया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि डालीबाग स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के लोकार्पण के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम नागरिकों के लिए बजट में फ्रैंडली आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। प्रधानमंत्री आवास कालोनी के पास इसके निर्माण के लिए 12,494 वर्गमीटर भूमि चिन्हित की गई है।

बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा एवं सीपी त्रिपाठी, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य पीएन सिंह एवं पुष्कर शुक्ला समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

एलडीए की बोर्ड बैठक में मौजूद मंडलायुक्त, एलडीए उपाध्यक्ष और अन्य अधिकारी।

400 करोड़ से ग्रीन कॉरिडोर को रफ्तार

- लखनऊ विकास प्राधिकरण की महत्वकांक्षी परियोजना ग्रीन कॉरिडोर को रफ्तार मिलेगी। प्राधिकरण ने बोर्ड में ग्रीन कॉरिडोर के लिए 400 करोड़ रुपये का बजट पास किया है। शहर में नये पार्क विकसित करने और पुराने पार्कों के अनुरक्षण के लिए 60 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0 के अंतर्गत नये भवनों के निर्माण के लिए भी बजट आवंटित किया गया है।

गोमती नगर विस्तार में बनेगा सामुदायिक केंद्र

- एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि आवंटियों की सुविधा के लिए गोमती नगर विस्तार में सरस्वती अपार्टमेंट के पास उपलब्ध अतिरिक्त भूमि पर सामुदायिक केंद्र बनाया जाएगा। इस प्रस्ताव को बैठक में पास किया गया। इसके अलावा सेक्टर-6 में कुछ भूखंडों के सामने प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क को घटाकर 9 मीटर किया जाएगा। शेष भूमि पर व्यावसायिक और आवासीय भूखंड काटे जाएंगे।

अनंत नगर के प्रभावितों को राहत

- एलडीए की अनंत नगर (मोहान रोड) आवासीय योजना से प्रभावित लोगों को एलडीए बड़ी राहत देने जा रहा है। योजना के ग्राम कलियाखेड़ा एवं प्यारेपुर में कुछ लोगों द्वारा प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर अवैध रूप से भवनों का निर्माण करा लिया गया था। प्राधिकरण ने उक्त निर्माण ध्वस्त कर दिए थे। प्राधिकरण उक्त भवनों में निवास करने वाले परिवारों को देवपुर पारा स्थित अटल नगर आवासीय योजना में निर्धारित नियम व शर्तों पर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराएगा। बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी।

वन बीएचके के 156 और टू बीएचके के 692 फ्लैट बनेंगे

- एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि योजना में 12 मंजिल के 4 टॉवरों में कुल 848 फ्लैट्स निर्मित किये जाएंगे। इसमें वन बीएचके के 40 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 156 फ्लैट होंगे। 2 बीएचके के 55 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 692 फ्लैट्स बनाये जाएंगे। योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, स्टिल्ट पार्किंग, लिफ्ट, पार्क, किड्स प्ले एरिया समेत अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

ले-आउट में करा सकेंगे संशोधन

- उपाध्यक्ष ने बताया कि सीजी सिटी, ऐशबाग योजना और रिफा-ए-आम योजना के ले-आउट (तलपट मानचित्र) में संशोधन और पुनर्नियोजन के प्रस्ताव को बैठक में मंजूरी मिल गयी है। अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर की हाईटेक टाउनशिप में एफएसआई के तहत बेचे गए भूखंडों के मानचित्रों को मंजूरी देने का प्रस्ताव भी पास किया गया है। ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (ओबीपास) में मानचित्र स्वीकृति शुल्क को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संशोधित करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। उप्र शहरी पुनर्विकास नीति-2026 लागू करने का निर्णय पास हो गया।

पारिजात एवं पंचशील अपार्टमेंट के दाम नहीं बढ़ेंगे

- गोमती नगर योजना में आशियाना बनाने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। गोमती नगर स्थित पारिजात अपार्टमेंट और पंचशील अपार्टमेंट के फ्लैटों की कीमत एलडीए 1 वर्ष तक नहीं बढ़ाएगा। इससे लोग पुरानी दरों पर फ्लैट खरीद सकेंगे। इसके अलावा एलडीए से आवंटित इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की संपत्ति पर निर्माण के लिए नई भवन निर्माण उपविधि-2025 को लागू करने का प्रस्ताव बैठक में पास किया गया है।

चार आवासीय योजनाओं में जमीन खरीदने के लिए 1600 करोड़

- उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण ने आईटी सिटी, वेलनेस सिटी, नैमिष नगर व वरूण विहार के लिए जमीन खरीदने एवं अर्जन के लिए 1,600 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इससे शहर में नयी आवासीय योजनाओं को शुरू करने और अधूरी योजनाओं को पूरा करने में तेजी आएगी। आवासीय योजनाओं में विकास एवं अनुरक्षण कार्यों के लिए 1,298 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान किया गया है। अवस्थापना सुविधाओं पर 200 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे।

आंधी-बारिश से कई इलाकों में बिजली गुल

शहर के तीन लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता हुए प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शुक्रवार सुबह अचानक बदले मौसम ने शहर की रफ्तार थाम दी। तेज हवाओं और बारिश के चलते बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई, जिससे करीब तीन लाख से अधिक उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकांश इलाकों में डेढ़ से दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जबकि कुछ क्षेत्रों में स्थिति और गंभीर रही।

सुबह करीब 9:50 बजे राजेंद्र नगर स्थित यूपीआईएल उपकेंद्र से जुड़े फीडरों का शटडाउन कर दिया गया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई ठप हो गई। अहिबरनपुर उपकेंद्र के सभी आउटगोइंग फीडर बंद होने से दो दर्जन से अधिक कॉलोनियां प्रभावित रहीं। कपूरथला, निराला नगर, दाऊद नगर और फैजुल्लागंज उपकेंद्रों से जुड़े फीडरों को भी बंद करना पड़ा। जानकीपुरम सेक्टर-आई के 33 केवी उपकेंद्र से जुड़े 11 केवी अभिनव फीडर में ब्रेकडाउन आने से आपूर्ति बाधित रही।

रामनगर धोबी घाट फीडर सुबह 8:30 बजे ट्रिप कर गया, जबकि प्रज्ञा पार्क के पास 11 केवी केबल में फाल्ट आने से करीब ढाई घंटे तक बिजली गुल रही। मलेशेमऊ और मंत्री आवास क्षेत्र में भी ट्रिपिंग से डेढ़ घंटे तक सप्लाई बाधित रही। ट्रांसपोर्टनगर क्षेत्र में सबसे अधिक असर दिखा, जहां चार घंटे तक बिजली नहीं रही। दोपहर 1:30 बजे गई सप्लाई शाम 5:30 बजे बहाल हो सकी, जिससे विभाग की तैयारियों पर सवाल उठे।

नेगेटिव बैलेंस के बाद भी बिजली चोरी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लागू होने के बाद नेगेटिव बैलेंस पर कनेक्शन काटे जाने का अभियान जारी है। इस बीच बिजली चोरी के मामलों में भी तेजी आई है। शुक्रवार को प्रदेशभर में चलाए गए विशेष जांच अभियान में 259 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई, जिनमें सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। 13 मार्च से लागू व्यवस्था के तहत अब तक करीब 5.79 लाख कनेक्शन नेगेटिव बैलेंस के कारण काटे जा चुके हैं। इनमें से लगभग 2.6 लाख उपभोक्ताओं ने अभी तक रिचार्ज नहीं कराया है। बिजली कंपनियों को आशंका है कि इनमें से कई उपभोक्ता अवैध तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे हैं। इसी को देखते हुए मध्यांचल, पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल और केस्को-कानपुर की टीमों ने संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान 8,049 परिसरों की जांच की गई, जिसमें 259 जगह बिजली चोरी मिली। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे भी अभियान जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

45 मिनट की बारिश में लारी विभाग जलमग्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में नालियां चोक होने से जलभराव, ट्रॉमा सेंटर में गंदगी का अंबार
- अन्य अस्पतालों में भी रहा आंशिक जलभराव

अमृत विचार : हल्की बारिश ने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। शुक्रवार सुबह हुई महज 45 मिनट की बारिश से लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग में जलभराव हो गया, जिससे मरीजों और तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 400 से अधिक मरीज पहुंचते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई तेज बारिश के बाद नालियां चोक होने से पानी परिसर में भर गया। हालात यह रहे कि लोगों का आवागमन तक प्रभावित हो गया। नालियों का गंदा पानी कैंपस में फैलने से बदबू भी फैल गई।

इस दौरान डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मरीजों को पानी के बीच से होकर ओपीडी तक पहुंचना पड़ा, जिससे संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया।

दूसरी ओर ट्रॉमा सेंटर में चल रहे निर्माण कार्य के चलते कचरा इधर-उधर फैला रहा, जिससे ट्रॉमा कैजुअल्टी वार्ड में गंदगी का अंबार लग गया। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आई।

केवल केजीएमयू ही नहीं, बल्कि सिविल अस्पताल और लोहिया संस्थान में भी आंशिक जलभराव की स्थिति देखने को मिली। वहीं डफरिन अस्पताल के मुख्य गेट के पास जलभराव होने से गर्भवती महिलाओं को ओपीडी तक पहुंचने में भारी मुश्किलें झेलनी पड़ीं। उन्हें गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा।

लारी कॉर्डियोलॉजी में जलभराव के बीच जाते लोग। अमृत विचार

अस्पताल प्रशासन की शिकायतों के बावजूद न तो नियमित सफाई हो रही है और न ही नालियों के निर्माण व मरम्मत का कार्य समय पर किया जा रहा है। ऐसे में हर बारिश के साथ मरीजों और तीमारदारों की परेशानी बढ़ती जा रही है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि नाली की सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराई जा रही है।

तेज बारिश से 12 डिग्री तापमान गिरा

बारिश के बीच गंतव्य को जाता बालक।

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- सुबह तेज बारिश, दिन में बूंदाबांदी से मौसम सुहावना

अमृत विचार : राजधानी में शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे अचानक मौसम बदल गया। अंधेरा छा गया और हवा संग तेज बारिश होने लगी। करीब आधे घंटे तेज बारिश के बाद दिन भर रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही।

पीजीआई, वृंदावन कालोनी, सरोजनीनगर, गोमती नगर, चिनहट, मोहनलालगंज, मलिहाबाद, पारा, तालकटोरा में तेज बारिश हुई। इंदिरा नगर सहित कुछ स्थानों पर बारिश के साथ ओले भी गिरे। तालकटोरा सहित कई इलाकों में तेज हवा से पेड़ गिर गए और बिजली गुल हो गई। दिन भर धूप न निकलने से मौसम सुहावना हो गया और गर्मी में ठंड का अहसास होने लगा। अधिकतम तापमान में करीब 12 डिग्री सेल्सियस गिरकर 23.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो सामान्य से 10.3 डिग्री कम रहा, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। लखनऊ में 18 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी और आस-पास शनिवार को भी बादल छाए रहेंगे। हवाओं संग बूंदाबांदी की संभावना है।

अत्यधिक नमी में खाद्य सामग्री में लगती है फफूंदी

अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताप सिंह ने खाद्य व्यापारियों और उपभोक्ताओं के लिए गाइडलाइन जारी करते हुए बताया कि अत्यधिक नमी और गर्मी में खाद्य पदार्थों में फफूंदी लग जाती है। फफूंदी लगने से खाद्य पदार्थों में एफ्लाटाक्सिन जैसे हानिकारक एवं विषैले पदार्थ का उत्पादन बढ़ जाता है। खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं उपभोक्ताओ को ऐसे खाद्य पदार्थो का भंडारण एवं रख-रखाव हवादार एवं ठंडे वातावरण वाले स्थान पर करना चाहिए।

लेसा में 56 संविदा कर्मियों की छंटनी पर बवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संघर्ष समिति ने बताया कर्मचारी विरोधी कदम

अमृत विचार: विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने लेसा में 18 मार्च को वर्टिकल व्यवस्था के नाम पर 56 संविदा आउटसोर्स कर्मियों को कार्य से हटाए जाने पर नाराजगी जताई है। समिति संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने इसे पूरी तरह अन्यायपूर्ण और कर्मचारी विरोधी कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी लगभग 200 संविदा कर्मियों की छंटनी की जा चुकी है, जिससे बिजली कर्मियों में भारी असंतोष है।

उन्होनें आगे कहा कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, लेकिन इस तरह की कार्रवाई से कर्मचारियों का मनोबल गिर रहा है और आक्रोश बढ़ रहा है। इससे प्रदेश की बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। समिति ने मुख्यमंत्री की ओर से एक अप्रैल से आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि का जो निर्णय लिया गया है, उसका लाभ अब तक पावर कॉर्पोरेशन, डिस्कॉम और अन्य ऊर्जा निगमों के संविदा, आउटसोर्स कर्मियों को मिलना संदिग्ध बना हुआ है। यह कर्मचारियों के साथ भेदभाव को दर्शाता है।

समिति के अनुसार, पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन संविदा कर्मियों को आउटसोर्स निगम से अलग रखने की मांग कर उनके साथ मनमाना व्यवहार कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो कर्मचारियों का आंदोलन और तेज होगा, जिससे बिजली व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 478वें दिन भी प्रदेश भर में प्रदर्शन जारी रहे।

समिति ने रखी प्रमुख मांगें

- एक अप्रैल से मानदेय वृद्धि का लाभ सभी संविदा आउटसोर्स कर्मियों को दिया जाए।
- वर्टिकल व्यवस्था के नाम पर हो रही छंटनी पर तत्काल रोक लगे।
- 18 मार्च को हटाए गए 56 कर्मियों सहित सभी निष्कासित कर्मचारियों की बहाली हो।
- आउटसोर्स कर्मियों के लिए सेवा स्थायित्व और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

अभिनय | 15 दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन, संस्कृत भाषा मंच पर जीवंत

संस्कृत नाटक दूतवाक्यं का मंचन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अभिनय के साथ संवाद व्यक्तित्व विकास और संस्कृत संभाषण का प्रशिक्षण

अमृत विचार : गुलाला घाट स्थित कपीश्वर वैदिक गुरुकुल परिसर में शुक्रवार को संस्कृत भाषा मंच पर अभिनय के माध्यम से जीवंत हो उठी। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान और प्रांजल आर्ट्स एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय संस्कृत नाट्य कार्यशाला का समापन महाकवि भास रचित नाटक दूतवाक्यं के मंचन के साथ हुआ।

कार्यशाला के दौरान बच्चों को अभिनय के साथ-साथ संस्कृत संभाषण, संवाद अदायगी, मंच संचालन और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया गया। निर्देशन भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व छात्र रमन कुमार के मार्गदर्शन में रंगकर्मी आलोक कुमार शुक्ल 'तुमुल' ने किया, जबकि प्रशिक्षक अंशु गुप्ता ने संस्कृत के उच्चारण और बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

कार्यक्रम का आयोजन गुरुकुल के संरक्षक डॉ. विवेक तांगड़ी के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि चिन्मय मिशन के स्वामी कौशिक चैतन्य ने संस्कृत को विश्व की परिष्कृत भाषा बताते हुए इसके प्रसार पर जोर दिया। पीसीएफ के महाप्रबंधक डॉ. चन्द्रभूषण त्रिपाठी ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। इस मौके पर आरके सिंह, ललिता प्रदीप, डॉ. शीलवन्त सिंह और पवन यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने संस्कृत और नाट्य विधा के महत्व पर अपने विचार रखे।

महाकवि भास रचित नाटक दूतवाक्यं का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

नियामक आयोग ने एमडी से मांगी 7 दिन में रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ: बरेली में 17 मार्च को हुई बिजली दरों की सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से उठाए गए सवालों को गंभीर मानते हुए आयोग ने मध्यांचल वितरण निगम के एमडी से 7 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। सुनवाई के दौरान परिषद ने बिजली दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी का विरोध करते हुए कहा कि जब बिजली कंपनियों के पास लगभग 51,000 करोड़ रुपये का सरप्लस है, तब दरें बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है। इसके साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर, बार-बार ट्रांसफार्मर जलने और खराब आपूर्ति व्यवस्था को भी प्रमुख मुद्दा परिषद की ओर से बताया गया।

स्मार्ट मीटर: रिचार्ज के बाद देरी पर आयोग सख्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 15 दिन में बिजली कंपनियों से रिपोर्ट तलब
- तय समय में कनेक्शन न जुड़ने पर मुआवजे का प्रावधान

अमृत विचार : प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों पर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने सख्ती दिखाई है। आयोग ने रिचार्ज के बावजूद समय पर बिजली कनेक्शन बहाल न होने को गंभीर मामला मानते हुए पावर कॉरपोरेशन समेत सभी बिजली कंपनियों से 15 दिन में रिपोर्ट मांगी है।

प्रदेश में करीब 78 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ता हैं, जिनमें लगभग 70 लाख प्रीपेड हैं। 13 मार्च से नई व्यवस्था लागू होने के बाद नेगेटिव बैलेंस पर कनेक्शन स्वतः काटे जा रहे हैं। नियम के मुताबिक रिचार्ज के तुरंत बाद, अधिकतम दो घंटे के भीतर कनेक्शन बहाल होना चाहिए, लेकिन बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने देरी की शिकायत की।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसे नियमों का उल्लंघन बताते हुए आयोग में याचिका दाखिल की। आंकड़ों के अनुसार 13 से 18 मार्च के बीच 5.79 लाख से अधिक कनेक्शन काटे गए, जिनमें कई उपभोक्ताओं के रिचार्ज के बाद भी समय पर बिजली नहीं जुड़ी। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के अनुसार, तय समय से अधिक देरी होने पर उपभोक्ताओं को 50 रुपये प्रतिदिन मुआवजा मिलना चाहिए। आयोग ने यह भी ब्योरा मांगा है कि कितने कनेक्शन 30 मिनट और दो घंटे में बहाल हुए।

जागरूकता

600 पुलिसकर्मियों ने निकाली महिला सुरक्षा जागरूकता रैली

अमृत विचार, लखनऊ : मिशन शक्ति फेज 5 .0 के तहत लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने शुक्रवार को वासंतिक नवरात्रि के शुभारंभ पर महिला सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर बादशाहनगर, लेखराज मार्केट, पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुए 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। रैली को पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने रिजर्व पुलिस लाइन ग्राउंड से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जेसीपी क्राइम अपर्णा कुमार, डीसीपी अपराध अनिल कुमार यादव और एडीसीपी महिला अपराध गोपीनाथ सोनी मौजूद रहे। रैली में 220 पिंक स्कूटी, टीयूवी और पीआरवी वाहनों के साथ करीब 600 पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य गांव, मोहल्लों और कस्बों तक पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। अभियान के दौरान पुलिस टीमों की ओर से हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1930, 108 और 181 की जानकारी दी जा रही है। साथ ही 99 पिंक बूथों की सुविधाओं, साइबर अपराध से बचाव, सेल्फ डिफेंस और बच्चों को 'गुड टच-बैड टच' के बारे में जागरूक किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इस पहल से समाज में महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर जागरूकता और भरोसा दोनों मजबूत होंगे।

सिटी ब्रीफ

घर में जीने से गिरी मासूम, मौत

अमृत विचार , सरोजनीनगर : थाना क्षेत्र स्थित गिंदनखेड़ा में गुरुवार को खेलते समय घर में जीने से गिरी 4 वर्षीय बच्ची की शुक्रवार को ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मूल रूप से लखीमपुर खीरी के नीम गांव निवासी रूपचंद सरोजनीनगर के गिंदनखेड़ा में किराए पर पत्नी रिंकी और दो बच्चों के साथ रहते हैं। रूपचंद एक निजी कंपनी में मजदूरी करते हैं। गुरुवार शाम रूपचंद ड्यूटी पर गए थे, जबकि उनकी पत्नी रिंकी और दोनों बच्चे घर में मौजूद थे। इसी दौरान उनकी 4 वर्षीय बेटी नैना खेलते खेलते पहली मंजिल के जीने पर चढ़ गई। तभी उसका अचानक पैर फिसल गया और वह फिसल कर नीचे फर्श पर आ गिरी। हादसे में नैना गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन परिजनों ने उसे पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान नैना की मौत हो गयी।

सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपी गए जेल

अमृत विचार, लखनऊ : महिगवां पुलिस ने किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी बृजेश पाल निवासी सरांवा थाना महिगवां और लवकुश निवासी औरंगाबाद जहांगीराबाद बाराबंकी को जेल भेज दिया है। 18 मार्च को मां ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

युवक ने की आत्महत्या

अमृत विचार, गोसाईंगंज : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में युवक ने शुक्रवार को गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हसियामऊ निवासी आशीष रावत (28) ने घर के अंदर कुंडे में गमछे के सहारे फंदा लगा लिया। परिजन ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

किशोरी मिली आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : किशोरी को बहलाकर अगवा करने व धमकी देने के मामले में दुबग्गा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया है। आरोपी धीरज जाटव पारा के न्यू आदर्श विहार कॉलोनी का रहने वाला है। 19 मार्च को पिता ने आरोपी समेत पांच के खिलाफ अगवा व धमकी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

हमले में गद्दी गैंग का सरगना गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : युवक पर जानलेवा हमला कर 20 हजार रुपये व दो मोबाइल लूटने वाले गद्दी गैंग के सरगना को दुबग्गा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आसिफ गाजी थाना क्षेत्र के हाजी कॉलोनी का रहने वाला है। 25 फरवरी को फैय्याज निवासी ग्राम छंदोईया ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि आसिफ व अन्य ने उनके बेटे नोमान पर हमला किया था। जिसमें वह बेहोश हो गया था।

अज्ञात लोगों ने खोदी युवक की कब्र

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद थाना क्षेत्र में अहमदाबाद कटौली गांव के शुक्रवार को एक युवक की कब्र खोदी गयी मिली। मृतक की पत्नी ने अज्ञात लोगों पर पति की कब्र को खोद दिए जाने का आरोप लगा है। विधवा रूबी ने बताया कि अक्टूबर 2025 में पति रामकिशोर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने शव को गांव में एक बाग में दफना दिया था। आरोप है कि करीब तीन दिन पहले अज्ञात लोगों ने कब्र को खोद दिया। मामले की जानकारी तब हुई जब 19 मार्च को गांव के लोगों ने कब्र को उखड़ा हुआ देखा। पत्नी ने गांव का ही एक व्यक्ति पर शक जताया है।

बारिश में ब्रेक मारने पर फिसली बाइक, युवक को बेकाबू कार ने रौंदा

पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

संवाददाता, माल

अमृत विचार: बहन के घर से शुक्रवार सुबह वापस लौटे रहे बाइक सवार ने साइकिल सवार को बचाने के लिए ब्रेक मार दी। बारिश के चलते बाइक स्लिप होने पर वह सड़क पर गिरा और बेकाबू कार उसे रौंदते हुए निकल गयी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गयी। सीएचसी पर परिजन व ग्रामीणों ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी न होने पर शव के पोस्टमार्टम से इंकार करते हुए हंगामा किया। करीब साढ़े चार घंटे तक समझाने और कार्रवाई का आश्वासन देकर पुलिस ने सभी को शांत कराया।

माल के गांगन बरौली निवासी राम शंकर उर्फ बबलू (35) ऑटो चालक था। परिवार में पत्नी पप्पी, दो बेटे रितिक, अभय व बेटी दीक्षा हैं। गुरुवार को राम शंकर बाइक से माल के करेंद गांव बहन सुमन के घर गए थे। शुक्रवार सुबह वह बहन के घर से वापस आ रहे थे। करीब 11:30 बजे माल-मलिहाबाद मार्ग पर कस्बा स्थित बंधन बैंक के पास सड़क पार कर रहे साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में राम शंकर ने ब्रेक मारा।

बारिश के चलते बाइक स्लिप कर गयी और वे सड़क पर गिर गए।

रामशंकर की मौत की सूचना के बाद रोते बिलखते परिजन (इनसेट में) मृतक। अमृत विचार

- कार्रवाई की मांग को लेकर सीएचसी के बाहर चार घंटे हंगामा

जबतक संभलते, सामने से आ रही कार रौंदते हुए निकल गयी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। हादसा देख ग्रामीण मदद के लिए दौड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राम शंकर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही परिजन सैकड़ों ग्रामीणों के साथ सीएचसी पहुंच गए।

परिजन ने कार का नंबर पताकर चालक को पकड़ने की मांग की। साथ ही शव के पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया। जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद मौके पर पहुंचे। करीब साढ़े चार घंटे बाद पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर परिजन को शांत कराया। कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका की पत्नी पप्पी की तहरीर पर ब्रेजा कार के अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

कार की टक्कर से जीजा की मौत, साला घायल

संवाददाता, माल

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के माल-अतरौली मार्ग स्थित सौंरा मोड़ के पास शुक्रवार को बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार जीजा सवार जीजा की मौत हो गयी, जबकि साला घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गयी।

जगदीशपुर के रहने वाले शिवम ने बताया कि मलिहाबाद के सिरगामऊ निवासी जीजा उमेश उर्फ धर्मेंद्र (35) सब्जी विक्रेता थे। वे गुरुवार को घर आए थे। शुक्रवार शाम करीब चार बजे शिवम उनके साथ मोटरसाइकिल से माल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अपनी जांच रिपोर्ट लेकर घर आ रहे थे। रास्ते में घटघटा बाबा के निकट सौंरा मोड के पास सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। तेज टक्कर से दोनों छिटक कर दूर जा गिरे। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उमेश को मृत घोषित कर दिया। शिवम का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। परिजन ने पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया लेकिन पुलिस ने समझा-बुझाक शांत कराया। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी पलक, छह साल की बेटी यामी है।

उमेश उर्फ धर्मेंद्र

- सीएचसी से जांच रिपोर्ट लेकर लौटते समय हुआ हादसा

घायल शिवम

पिता की डांट से नाराज युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, मलिहाबाद

- रहीमाबाद के दिलावर नगर गांव की घटना

अमृत विचार: रहीमाबाद के दिलावर नगर गांव में पिता की डांट से क्षुब्ध होकर गुरुवार शाम को घर से निकले ट्रैक्टर चालक फरहान (22) का शव शुक्रवार दोपहर गांव से पांच सौ मीटर दूरी आम के बाग में रस्सी से फंदा से लटकता मिला। चाचा कमरुद्दीन ने पड़ोसियों पर जमीनी रंजिश में मार कर टांगने का आरोप लगाया है।

बताया जा रहा है कि फरहान अपना खुद का ट्रैक्टर चलाता था। काम का सारा हिसाब अपने पास रखता था। दो दिन पूर्व नेपाल से पिता शमशुद्दीन एक ईंट गारा के भट्टे मजदूरी करके घर वापस ईद के त्यौहार मनाने घर लौटे थे। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को पिता शमशुद्दीन व बेटे फरहान के बीच हिसाब को लेकर वाद विवाद हुआ था। जिस पर पिता ने डांटा था। नाराज होकर फरहान बिना रोजा खोले घर से चला गया था। वापस न लौटने पर देर रात खोजबीन की गई, लेकिन मोबाइल बंद मिला। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे ग्रामीणों ने फरहान को आम के बाग में रस्सी से लटका देखा तो सूचना दी। पुलिस ने बताया कि फरहान की मां की मृत्यु कई साल पहले हो गई थी। परिवार एक छोटा भाई सूफियान व तीन बहनें हैं।

किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता, निगोहां

- कपड़े उतारकर बनाया वीडियो किया वायरल
- तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: थाना क्षेत्र में खेत में जानवर आने की सूचना पर किशोरी पहुंची। वहां पहले से मौजूद तीन युवकों ने अकेला देख उसे पकड़ लिया। छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करते हुए कपड़े उतारकर गलत काम करने की कोशिश की। आरोपियों ने वीडियो भी बनाया। किसी तरह पीड़िता घर पहुंची। इसके बाद आरोपियों ने वीडियो वायरल कर दिया। परिजन को आपबीती बताने के बाद किशोरी ने निगोहां थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिशें दे रही है।

पीड़िता ने बताया कि 12 मार्च को वह घर पर अकेले थी। वह पड़ोस की एक परचून की दुकान पर सामान लेने गयी थी। वहां पर मौजूद गांव के नितिन लोधी ने उससे कहा कि तुम्हारे खेत में जानवर चर रहे है, जल्दी जाओ। किशोरी खेत पहुंची तो वहां पहले से ही दयानन्द व शिवम मौजूद थे। पीछे से नितिन भी आ गया। तीनों ने छेड़छाड़ करते हुए उसके कपड़े उतार दिए। वीडियो बनाया और विरोध करने पर वायरल करने की धमकी दी।

किशोरी गिड़गिड़ाती रही, लेकिन आरोपी नहीं रूके। किसी तरह किशोरी वहां से भाग कर घर पहुंची। डर व लोकलाज के चलते वह चुप रही। 17 मार्च को आरोपी दयानन्द ने वीडियो वायरल कर दिया। घरवालों को घटना की जानकारी हुई तो किशोरी ने आपबीती बताई। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित किशोरी द्वारा दी गई तहरीर पर नितिन लोधी , दयानन्द व शिवम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

तीन घरों पर धावा, चौथे में पहुंचते ही ग्रामीणों ने ललकारा तो भागे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: दुबग्गा के मलहा गांव में गुरुवार देर रात चोरों ने तीन घरों में धावा बोला। बदमाशों ने नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया।

मलहा निवासी राजेश द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार रात खाना खाने के बाद वे परिवार सहित घर के दूसरी मंजिल पर सोने चले गए। घर के पहली मंजिल पर कमरे में बेटा कार्तिकेय सो रहा था। घर के पीछे जंगल है। बदमाश पीछे से छत पर चढ़कर घर के अंदर दाखिल हुए। नीचे कमरे में रखे बक्से को उठा ले गए और घर के कुछ दूर पर ताला तोड़कर करीब चार लाख के जेवर व 50 हजार रुपये चोरी कर लिया।

इसके साथ ही बदमाशों ने शिव सेवक अवस्थी के घर से पांच हजार रुपये और शरद तिवारी के घर से सात हजार रुपये चोरी कर लिया। वहीं, चौथी वारदात के लिए बदमाश चंद्रशेखर पाल के घर गए लेकिन वह जग गए और शोर मचा दिया। उन्होंने ललकारा तो चोर भाग निकले। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि छानबीन की जा रही है।

प्रॉपर्टी डीलर के घर लाखों की चोरी

अमृत विचार, सरोजनीनगर/कृष्णानगर : बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात चोरों ने एक प्रॉपर्टी डीलर के घर को निशाना बनाया। छत के रास्ते से घुसे चोरों ने नकदी व जेवर समेत करीब साढ़े पांच लाख का माल पार कर दिया। वहीं, कृष्णानगर के बजरंगनगर में चोरों ने बंद मकान में चोरी की। गढ़ी मोहल्ला निवासी प्रॉपर्टी डीलर श्रीराम गुरुवार रात परिवार के साथ घर में सो रहे थे। देर रात जीने के रास्ते घर में दाखिल हुए चोरों ने कमरे के अंदर रखे संदूकों व अटैची का ताला तोड़कर चोरी की। शुक्रवार सुबह श्रीराम की पत्नी सिया दुलारी सोकर उठी तो ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। कमरे के अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीड़ित दंपति ने बताया कि चोरों ने करीब पांच के जेवर और 50 हजार रुपये चोरी किए हैं। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। वहीं, कृष्णानगर के बजरंग नगर निवासी अभय आनंद दिल्ली में रहने वाले भांजी की शादी में शामिल होने गए थे। 5 मार्च को वह दिल्ली गए थे। 7 मार्च को नौकरानी घर में पेड़ों में पानी डालने पहुंची। वहां ताला टूटा पड़ा देखकर उसने जानकारी दी। साले गौरव को फोन कर घर भेजा। उसने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद 11 मार्च को खुद पहुंचे। पीड़ित ने बताया कि चोर तीन हजार रुपये, चांदी की तीन जोड़ी पायल, चार बिछिया और अन्य सामान पार कर ले गए।

ऑटो में महिला की चेन उड़ाई

संवाददाता, आलमबाग

अमृत विचार: कृष्णानगर में महिला चोर गैंग ने दिनदहाड़े चलती ऑटो में सवार एक महिला की सोने की चेन पार कर दी। सरोजनीनगर के चिल्लावां निवासी रामचन्द्र ने बताया कि 16 मार्च को वे अपनी बीमार पत्नी कमला देवी को दवा दिलाने के लिए दुबग्गा गए हुए थे। इलाज के बाद जब दोनों घर वापस लौट रहे थे, तो बाराविरवा चौराहे से उन्होंने एक ऑटो पकड़ा। ऑटो में पहले से ही तीन महिलाएं सवार थीं, जो देखने में सामान्य यात्री लग रही थीं। महिलाओं ने रास्ते में मौका पाते ही अपनी कमला देवी के गले से सोने की चेन निकाल ली। कमला देवी को इसकी भनक तक नहीं लगी। चेन चुराने के बाद तीनों महिलाएं पुरानी चुंगी के पास ऑटो से उतरकर भीड़ में गायब हो गईं। कृष्णानगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

प्रेमी संग पति को पीटा

अमृत विचार, आलमबाग: आशियाना इलाके में होली पर बच्चों से मिलने गए पिता को अलग रह रही पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर जमकर पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-जी निवासी वैभव आनंद ने बताया कि उनका पत्नी से काफी समय से विवाद चल रहा है। पत्नी पिछले कई महीनों से बच्चों और घर का कीमती सामान लेकर अलग रहने लगी है। आपसी सुलह-समझौते के तहत यह तय हुआ था कि वैभव अपने बच्चों से मिल सकते हैं। होली के अवसर पर जब वैभव बच्चों से मिलने पहुंचे, तब कल्याणपुर निवासी नीरज कुमार उर्फ अरुण वहां पहले से मौजूद था। शराब के नशे में धुत नीरज ने बाहर आकर वैभव के साथ गाली-गलौज की और उनके सिर पर हेल्मेट से कई बार वार किए।

जालसाजी

40 लाख के सोने के सिक्के 20 लाख में देने की कही थी बात

खजाने का झांसा देकर अस्पताल संचालिका से ठगे 20 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रेन में नशीला हलवा खिलाकर रुपये लेकर आरोपी फरार
- पीड़िता ने तालकटोरा थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट

अमृत विचार: आलमनगर के सरीपुरा निवासी 58 वर्षीय विद्यावती का वहीं पर बजरंग अस्पताल है। वर्ष 2021 में कोविड के चलते डॉक्टर पति धर्मेंद्र कुमार सिंह का निधन हो गया था। विद्यावती ने बताया कि जून 2025 में गर्भाशय के कैंसर का पता चला। कुछ दिन केजीएमयू में इलाज कराने के बाद रिश्तेदारों ने टाटा अस्पताल मुंबई में इलाज की सलाह दी। जुलाई में बेटी शामली और परिचिति नौशाद अली खान के साथ मुंबई गई थीं। 20 जुलाई 2025 की दोपहर करीब डेढ़ बजे उनके पास एक व्हाट्सएप कॉल आई।

उसने बताया कि वह महाराष्ट्र से दीपक बोल रहा है। बातचीत के दौरान इलाज के लिए कोकिलाबेन अस्पताल जाने की सलाह दी। बोला कि अस्पताल महंगा है और इलाज के लिए काफी रुपये लगेंगे। बताया कि नासिक के जंगल में उसे खजाना मिला है। जिसमें तमाम सोने के सिक्के हैं। वह उन्हें बेचना चाहता है। दीपक ने 40 लाख रुपये में सोने के सिक्के बेचने की बात कही। बोला कि आप खरीदकर उसे सर्राफ व्यवसायी को बेचकर आराम से इलाज करा सकती हैं। विद्यावती ने पहले इंकार किया लेकिन वीडियो कॉल पर सिक्के दिखाए। हमदर्द बनकर फंसाया तो पीड़िता ने हामी भर दी। बातचीत हुई तो वह आधे मूल्य 20 लाख रुपये में देने को तैयार हो गया।

27 जनवरी को दीपक के बुलाने पर परिचित नौशाद के साथ मुंबई के लिए रवाना हो गई। वह 29 जनवरी को मुंबई कल्याण पहुंची। गेटवे ऑफ इंडिया पर पहुंचने पर दीपक मिला। उसके बाद ट्रेन में दीपक और उसके साथ एक अन्य व्यक्ति राजू आया। दोनों से बातचीत शुरू हुई। ललितपुर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी रुकने पर दोनों ने हलवा खिलाया। विद्यावती ने बताया कि हलवा खाने के बाद वह और नौशाद दोनों अचेत हो गए। कुछ देर बाद जब होश आया तो दीपक और राजू दोनों गायब थे। बैग चेक किया तो उसमें रखे 20 लाख रुपये भी नहीं थे। मामले की जानकारी और तहरीर पीड़िता ने जीआरपी कल्याण में दी। दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामला लखनऊ ट्रांसफर किया गया। इंस्पेक्टर तालकटोरा कुलदीप दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने "धन दोगुना" करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले जालसाज कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी संतोष किशन सपकाले पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उसे ईओडब्ल्यू की वाराणसी यूनिट ने गुजरात के सूरत स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोच उद्यान, जहांगीरपुरा से दबोचा। वह नौ साल से फरार चल रहा था।

ईओडब्ल्यू के अनुसार, सूरत निवासी सपकाले ने साथियों के साथ आस्था इंटरनेशनल लिमिटेड और आस्था गोट फार्मिंग इंडिया लिमिटेड नाम से कंपनियां बनाईं। इन कंपनियों के जरिए लोगों को कम समय में पैसा दोगुना करने का लालच देकर निवेश कराया गया। दस्तावेजों में पशुपालन व्यवसाय दिखाया गया, लेकिन वास्तव में निवेश योजनाओं के जरिए ठगी की गई।

आरोप है कि बिना आरबीआई में पंजीकरण कराए गैर-बैंकिंग वित्तीय गतिविधियां चलाई गईं। वाराणसी समेत कई राज्यों में एजेंटों के माध्यम से करोड़ों रुपये जुटाए गए, लेकिन निवेश की अवधि पूरी होने पर रकम वापस नहीं की गई। इस मामले में करीब 3.61 करोड़ रुपये की ठगी सामने आई है। आरोपी को वाराणसी कोर्ट में पेश किया जाएगा।

अंसल निदेशकों पर 3.42 करोड़ की धोखाधड़ी का केस

अमृत विचार, लखनऊ : हाईटेक आवासीय योजना के नाम पर फर्जीवाड़े के आरोपों में घिरे अंसल निदेशकों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। रियल एस्टेट कंपनी के पार्टनर अनुज गोयल ने 3 .42 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है कि 2010 में 7655 वर्गमीटर प्लॉट का सौदा 5 .13 करोड़ रुपये में तय हुआ था। पीड़ित पक्ष ने अक्टूबर 2024 तक 3 .42 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया, लेकिन केवल 1060 वर्गमीटर जमीन की ही रजिस्ट्री की गई। शेष जमीन के लिए टालमटोल और विरोध करने पर धमकी दी गई। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने सुशील अंसल, प्रणव अंसल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिटी ब्रीफ

वितरक के पिता का निधन

राम किशोर सैनी

अमृत विचार, लखनऊ : समाचार पत्र वितरक राम किशोर सैनी के पिता का शुक्रवार को लगभग 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट चौक में किया गया। परिवार में उनके दो पुत्र राम किशोर सैनी और श्याम किशोर सैनी हैं। निधन की खबर मिलते ही कैसरबाग क्षेत्र के कई वितरक उनके रानीगंज दुगांवा स्थित आवास पहुंचे। लखनऊ समाचार पत्र वितरक विकास मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और महामंत्री डॉ. राम किशन आजाद ने शोक व्यक्त किया।

वितरक की माता का निधन

चुन्नी देवी साहू

अमृत विचार, लखनऊ : चारबाग स्थित समाचार पत्र वितरक केंद्र के वरिष्ठ वितरक अशोक साहू की माता चुन्नी देवी साहू का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके भवानीगंज स्थित आवास पर बड़ी संख्या में वितरक समाज के लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। लखनऊ समाचार पत्र वितरक विकास मंच के महामंत्री रामकिशन आजाद ने बताया कि शुक्रवार को गुलाला घाट चौक पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मोहन सिंह बिष्ट सहित कई पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया।

बारिश और पुष्पवर्षा के बीच बढ़ती रही शोभायात्रा

सिन्धी समाज ने भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम से मनाई, जनेऊ और मुंडन संस्कार आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आसमान से गिरती बारिश की बूंदों और पुष्पवर्षा के बीच भगवान झूलेलाल जयंती पर सिन्धी समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। शिव शान्ति आश्रम से निकली शोभा यात्रा को संत साईं मोहन लाल, संत साईं हरीश लाल ने झंडी दिखा कर रवाना किया। यात्रा में महिलाएं डांडिया नृत्य करते हुए आगे-आगे, उनके पीछे पुरुष डांडिया और भांगड़ा करते हुए आगे बढ़े। सिन्धी बाहुल्य क्षेत्रों में शोभा यात्रा पर फूलों की वर्षा की गई। 200 जगहों पर प्रसाद वितरण किया गया। मेले में भगवान झूलेलाल की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहती है। साथ चल रही गणेश जी की प्रतिमा को भक्तों द्वारा धनराशि अर्पण करने पर उनके हाथ में प्रसाद रूपी लडडू आ जाता।

मेले में सांस्कृतिक आयोजन गीत संगीत चलते रहे। समाज के मोहन दास लदानी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही सिंधु रतन से डॉक्टर सरवन कुमार भवनानी को कमेटी ने सम्मानित किया।

चेट्टी चंद मेला कमेटी के संरक्षक मोहन दास लदानी, मुरली धर आहूजा, राजा राम भावनानी, नानक चंद, मेला कमेटी मुख्य प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भावनानी, श्याम कृष्नानी, सुरेश छाबलानी, राजू जसवानी, सतीश लखमानी, हंसराज राजपाल, नितेश मध्यान, विक्की दयलानी, दिनेश रायचंदानी, प्रल्हाद गुरनानी, आनंद खत्री, कन्हैया लाल चांदवानी, संतोष हिरवानी, नवीन केवलानी, सुदाम चांदवानी, राकेश भावनानी, वासुदेव सचदेवा सहित बड़ी संख्या में सिन्धी समाज के लोगों ने गले लग कर झूले लाल जयंती पर शुभकामनाएं दीं।

विक्रम संवत पर यात्रा निकालतीं सत्य सनातन नारी शक्ति से जुड़ी महिलाएं। अमृत विचार

- हनुमान सेतु से गांधी प्रतिमा तक निकली शोभायात्रा, हुई पुष्पवर्षा
- महिलाओं और बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

दिनभर चले सत्संग के कार्यक्रम

- भगवान झूलेलाल जी की जयंती के मौके पर समाज ने सिन्धी बाहुल्य क्षेत्र स्थित मंदिरों-गुरुद्वारों में भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना की। दिनभर सत्संग के कार्यक्रम चलते रहे। भंडारों का आयोजन किया गया। इस खास दिन क्लार्क अवध गोमती घाट पर शिशुओं के मुंडन संस्कार के अलावा जनेऊ संस्कार का आयोजन किया गया।

सिन्धी हैं तो बात करेंगे सिन्धी में का संकल्प

- सभी पंचायतों के मुखी गण ने संयुक्त रूप से संकल्प लिया कि सिन्धी है तो सिन्धी में बात करेंगे। साथ ही बच्चों को सिन्धी भाषा का पढ़ाएंगे। जिससे नई पौध भाषा का महत्व समझ सके। मेला कमेटी प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी ने बताया कि इसे लागू कराया जाएगा। झूलेलाल जयंती पर अपने ग्राहकों को छूट देने पर समाज का आभार जताया गया। रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान झूलेलाल जयंती पर प्रदेश के सिन्धी समाज के लोगों को बधाई संदेश दिया है।

हिंदू नव वर्ष पर निकली भव्य शोभायात्रा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** हिंदू नव वर्ष के अवसर पर ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में हनुमान सेतु से जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा पूरे वैभव, उल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। शोभायात्रा के माध्यम से नव उद्घाटित ग्रीन कॉरिडोर का स्वागत भी किया गया, जहां सत्य सनातन नारी शक्ति लोक की ओर से पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में महिलाओं ने झांझ, मंजीरा, डमरू और शंख के साथ धर्मध्वज थामे हुए भक्ति का वातावरण बनाया। देवी-देवताओं के रूप में सजे बच्चों ने विशेष आकर्षण पैदा किया। एंजल वर्मा ने देवी मां, वीरा वर्मा ने अप्सरा, रक्षा शर्मा और अग्रिमा चौरसिया ने भारत माता का रूप धारण किया। डीजे पर बजते भक्तिमय भजनों ने राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सुंदरकांड महाअभियान के तहत विभिन्न शक्तिपीठों की महिलाएं पारंपरिक पीली साड़ी पहनकर शामिल हुईं। सपना गोयल ने कहा कि चैत्र नवरात्र के साथ आने वाला हिंदू नव वर्ष शक्ति, साधना और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। उन्होंने सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम में संदीप बंसल ने केसरिया ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया। नारियल फोड़कर मंगल कामना की गई और अतिथियों को आध्यात्मिक स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

मां संदोहन देवी मंदिर : आस्था चमत्कार और दिव्य दर्शन का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एकादशी पर मिलते हैं मां के श्री चरणों के दुर्लभ दर्शन

अमृत विचारः चौपटिया स्थित मां संदोहन देवी मंदिर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां नवरात्र के बाद आने वाली एकादशी के दिन मां अपने पूर्ण श्रृंगार में भक्तों को श्री चरणों के दिव्य दर्शन देती हैं। खास बात यह है कि सामान्य दिनों में मां के चरण वस्त्रों से ढके रहते हैं, जिससे यह दिन और भी विशेष बन जाता है। दूर-दराज़ से हजारों श्रद्धालु इस अद्भुत दृश्य के साक्षी बनने पहुंचते हैं।

नवरात्र में नौ रूपों में होता है विशेष श्रृंगार : नवरात्र के दौरान मां का श्रृंगार हर दिन अलग-अलग रूप और वाहन पर किया जाता हैः पहला दिन-शेर पर, दूसरा दिन- कलम आसान पर, तीसरा दिन-मयूर पर, चौथा दिन-गरुण पर (वैष्णवी रूप), पांचवा दिन-ऐरावत पर (इंद्राणी रूप), छठा दिन- बैल पर (अर्धनारीश्वर रूप),सातवां दिन-महिषासुर मर्दिनी रूप, अष्टमी और नवमी-सिंहासन पर।

आस्था से भर देता है यह दिव्य अनुभव : मां संदोहन देवी का यह अनूठा श्रृंगार और चरण दर्शन श्रद्धालुओं के जीवन में विश्वास, ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है। यही कारण है कि हर साल नवरात्र और एकादशी पर यहां भक्तों का विशाल जनसैलाब उमड़ता है।

लेटी हुई मुद्रा में स्थापित हुई मां की पिंडी : स्थापना के बाद एक अद्भुत घटना घटी अगले दिन पिंडी लेटी हुई अवस्था में मिली। कई प्रयासों के बावजूद हर सुबह पिंडी उसी अवस्था में मिलती रही। अंततः इसे मां की इच्छा मानकर उन्हें उसी लेटी हुई मुद्रा में स्थापित कर दिया गया, जो आज भी भक्तों के लिए आस्था और रहस्य का विषय है।

नाम में छिपा है आध्यात्मिक अर्थ

- 'संदोहन' का अर्थ है शंका और संदेह का हरण करने वाली। मान्यता है कि जो भक्त नवरात्र के नौ दिनों तक मां के विभिन्न स्वरूपों का विधिपूर्वक दर्शन करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं मां के चरण-दर्शन से पूर्ण होती हैं।

छठी शताब्दी से जुड़ा प्राचीन इतिहास

- मंदिर के मुख्य सेवादार अनूप वर्मा के अनुसार, मां की पिंडी के कार्बन डेटिंग से यह प्रमाणित हुआ है कि इसका इतिहास छठी शताब्दी से जुड़ा है। किंवदंती के अनुसार, 13वीं शताब्दी में एक संत को नवरात्र के दौरान लगातार नौ दिनों तक मां ने स्वप्न में दर्शन दिए और तालाब से पिंडी निकालने का आदेश दिया। भक्तों की सहायता से वह पिंडी प्राप्त हुई और एकादशी के दिन उसकी स्थापना की गई।

नवरात्र का तीसरा दिन

- नवरात्र का तीसरा दिन देवी मां चंद्रघंटा को समर्पित होता है। इस दिन उनका पूजन विशेष रूप से साहस, वीरता और आंतरिक शक्ति प्राप्त करने के लिए किया जाता है। देवी का स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और युद्धप्रिय माना जाता है, जो भक्तों को भय और नकारात्मकता से लड़ने की प्रेरणा देता है।
- **क्यों है तीसरे दिन का विशेष महत्व :** मां चंद्रघंटा सिंह पर सवार, दस भुजाओं में शस्त्र धारण किए और मस्तक पर अर्धचंद्र धारण किए हुए दर्शाई जाती हैं। यह स्वरूप शक्ति और शांति के संतुलन का प्रतीक है। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।
- **पूजा विधि और अनुष्ठान :** भक्तों को सुबह जल्दी उठकर स्नान कर स्वच्छ, विशेषकर लाल या पीले वस्त्र धारण करना चाहिए। देवी को दूध, शहद, फल और पंचामृत का भोग लगाना चाहिए। और ॐ देवी चंद्रघंटायै नमः मंत्र का जाप करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते प्रतिभागी। अमृत विचार

कृष्ण जन्म पर नन्दगांव में हर्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। ऐशबाग रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रहे भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को बरसात के बावजूद तुलसी रंगमंच पर चल रही कृष्ण लीला को देखने के लिए दर्शकों की मौजूदगी बनी रही। लीला के मंचन में जहां एक ओर कृष्ण के जन्म पर नंदगांव में हर्ष का माहौल है तो वहीं दूसरी तरफ कंस द्वारा पूरे राज्य में जन्मे नवजात शिशुओं को मारने का आदेश मिलते ही समस्त जनता में कोलाहल मच जाता है।

इन्हीं सब घटनाओं के बीच नंद बाबा पुत्र जन्म की खबर लेकर कंस के दरबार में उपस्थित होते हैं, जहां वे कंस को पुत्र रत्न की खबर सुनाते हैं और भेंट देते हैं जिसके उपरांत कंस को ये संदेह हो जाता है की नंद का पुत्र ही उसका काल बनकर जन्मा है और वही उसका संहार करेगा। जिसके उपरांत वह शिशु स्वरूपी कृष्ण को मारने के लिए मायावी राक्षसी पूतना को नंदगांव भेजता है। जहां वह वेष बदल कर छल से शिशु कृष्ण को जहरीला स्तनपान करा उन्हें मारने का प्रयास करती है परंतु कृष्ण शिशु स्वरूप में ही उस मायावी राक्षसी का वध कर देते हैं। पूतना के वध से बौखला कर कंस ने कागासुर नामक खूंखार दैत्य को भगवान कृष्ण की हत्या करने के उद्देश्य से नंद गांव भेजा। जहां नन्हे कन्हैया अपने खटोले में लेटे थे और तभी कागासुर ने कौए का रूप धारण कर उन्हे मारने का प्रयास किया परंतु वह राक्षस स्वयं शिशु कृष्ण के हाथों से कुछ इस प्रकार से मारा गया की वह सीधे कंस के पास जाकर गिरता है और अपने प्राण त्याग देता है। इधर कागासुर के वध से मथुरा में बैठा कंस भयभीत हो कर देवकी और वसुदेव को पुनः कारागार में डाल देता है और उधर नंद बाबा के घर पर हर्षोल्लास के साथ शिशु स्वरूपी बलराम और कृष्ण के नामकरण का समारोह आरंभ हो गया।

कालबेलिया और लावणी की मनोरम छटा बिखरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः घुंघरू नृत्य संगम डांस अकादमी की ओर से शुक्रवार की शाम को ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रतिभा को पहचान सपनों को उड़ान में कालबेलिया और लावणी नृत्य की मनोरम छटा बिखरी।

प्रतिभा को पहचान सपनों को उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ घुंघरू डांस अकादमी के कलाकारों आराध्या, ऋषिता, अविका, अनाया और तनीषी ने मनीषा यादव के नृत्य निर्देशन में काल्यो कूद पड्यो मेला में पर आकर्षक राजस्थान का प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य और अप्सरा आली पर महाराष्ट्र का लावणी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति संगीत से सजे कार्यक्रम में घुंघरू नृत्य संगम की ओर से जय कन्हैया लाल की पर मनीषा यादव, मलखान सिंह, लवली घिल्डियाल, मौसमी, वर्षा, सौम्या, मालसी, आद्या और शनाया ने अपने सारगर्भित लोक नृत्य के जरिए कृष्ण जन्मलीला को प्रस्तुत कर जनसमुदाय को कृष्ण की भक्ति में डुबो दिया।

लखनऊ में हो साहित्य पथ का निर्माण : सर्वेश अस्थाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के प्रधान एवं हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने लखनऊ में साहित्य पथ के निर्माण की मांग उठाई है। सर्वेश अस्थाना इस मांग को पूरी करने का अनुरोध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लखनऊ के सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा महापौर सुषमा खर्कवाल से मिलकर करेंगे। साहित्य एवं साहित्यकारों के सम्मान को महत्व देने के लिए लखनऊ के ग्रीन कोरीडोर के किसी एक भाग को या जी 20 रोड को साहित्यपथ का नाम दिया जाये। उस सड़क के दोनों ओर निश्चित दूरी पर प्लेटफॉर्म बना कर उन पर प्रदेश के साहित्यकारों की मूर्तियां व उनका परिचय लगाया जाये। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा इस कार्य में सहयोग भी करेगी। इस पथ के निर्माण से राजधानी के साहित्यिक पर्यटन के प्रति देशवासियों व साहित्यप्रेमी अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का रुझान बढ़ेगा।

सम्मान कल

- **अमृत विचार, लखनऊ :** हुनर क्रियेशन एंड क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से 22 मार्च को छावनी के आर्मी खेल परिसर में नौशाद सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। पद्मश्री अनूप जलोटा और सुरभि रंजन को नौशाद सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। संयोजक जफर नबी ने बताया कि विभिन्न रेजीमेंट यहां खाने पीने के स्टाल भी लगाएंगे। सैन्य अधिकारियों और सैनिकों के बीच भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा और सुरभि रंजन नौशाद सम्मान से नवाजे जाएंगे।

चैती छठ महापर्व की तैयारी शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : छठ पूजा के चैती संस्करण के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में 25 व 26 मार्च को लक्ष्मण मेला मैदान स्थित गोमती तट के छठ घाट पर भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए घाट पर साफ-सफाई अभियान शुरू कर पदाधिकारियों के साथ बैठक में रूपरेखा तय की गई। चैती छठ महापर्व की शुरुआत 22 मार्च को नहाय-खाय से होगा, 23 मार्च को खरना, 24 मार्च की शाम अर्घ और 25 मार्च को सप्तमी के दिन प्रातः सूर्योदय पर भगवान भास्कर को अर्घ देकर समापन किया जाएगा। प्रभुनाथ राय, मनोज सिंह, वेद प्रकाश राय, जितेंद्र सोनकर, रामयतन यादव और संजय सिंह सहित कई लोग श्रमदान कर आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

सीएम के समय का इंतजार, 665 नर्सिंग ऑफिसरों की ज्वाइनिंग अटकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छह माह बाद भी नियुक्ति पत्र नहीं, मरीजों को स्टाफ की कमी से जूझना पड़ रहा

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में चयनित 665 नर्सिंग ऑफिसरों की ज्वाइनिंग मुख्यमंत्री के समय न मिलने के कारण अटकी हुई है। परीक्षा परिणाम घोषित हुए करीब छह माह बीत चुके हैं, नियुक्ति पत्र वितरण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है।

संस्थान प्रशासन ने मार्च 2024 में नर्सिंग ऑफिसर के 665 रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया था। इसके लिए विज्ञापन जारी किया गया, जिसमें प्रदेश भर से हजारों अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। 11 अक्टूबर 2025 को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट आयोजित किया गया, जबकि 12 अक्टूबर को परिणाम घोषित कर मेरिट सूची जारी कर दी गई। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षिक व अनुभव प्रमाणपत्रों की जांच सहित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं।

इसके बावजूद अब तक नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए हैं और न ही ज्वाइनिंग की कोई निश्चित तिथि घोषित की गई है। बताया जा रहा है कि संस्थान प्रशासन नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम मुख्यमंत्री के हाथों कराने की योजना बना रहा है। इसी कारण अंतिम प्रक्रिया मुख्यमंत्री से समय मिलने पर निर्भर हो गई है, जो अब तक तय नहीं हो सका है। संस्थान के निदेशक प्रो सीएम सिंह का कहना है कि जल्द ही ज्वाइनिंग प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।

सिटी डायरी

बैठक के दौरान मौजूद संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

कुर्सी रोड सड़क चौड़ीकरण के मानकों पर व्यापारी असहमत

अमृत विचार, लखनऊ : कुर्सी रोड के चौड़ीकरण को लेकर महायोजना में लाए जा रहे प्रस्ताव में सड़क की चौड़ाई को लेकर अलग-अलग बनाए जाने वाले मानकों पर संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने असहमति जताई है। इसे लेकर शुक्रवार को कुर्सी रोड स्थित एक होटल में बैठक कर महायोजना के प्रस्तावों पर नाराजगी जताई गई। इस महायोजना के अंतर्गत कुर्सी रोड के चौड़ीकरण को लेकर विभिन्न प्रस्ताव सामने आए हैं, जिनमें कहीं सड़क की चौड़ाई 45 मीटर, कहीं 60 मीटर, कहीं 100 मीटर तथा कुछ स्थानों पर 150 मीटर तक निर्धारित की गई है। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे व आराधना कुमारी की ओर से बीते साल 27 अप्रैल को व्यापारियों के साथ इस विषय पर आपत्ति जताते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं प्रमुख सचिव (गृह) को पत्र भेजा था। व्यापारियों से आपत्तियां मांगी है।

चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी व अन्य।

धर्मेंद्र अध्यक्ष, सुजीत महामंत्री निर्वाचित

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सचिवालय सत्कार सेवा कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक आम चुनाव 2026 जवाहर भवन स्थित महासंघ कार्यालय में आयोजित हुआ। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी सुशील कुमार बच्चा और सहायक चुनाव अधिकारी डीके मिश्रा की देखरेख में पूरी कराई गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में धर्मेंद्र सिंह (अध्यक्ष), सुजीत कुमार आर्य (महामंत्री), अजय कमल दास (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), हरेंद्र सिंह कण्डारी (उपाध्यक्ष), विमल कुमार वर्मा (कोषाध्यक्ष), सलमान खान व सुरेश कुमार (संयुक्त मंत्री), अरुण कुमार निगम व पान सिंह बिष्ट (संगठन मंत्री), राम संजीवन व मोहम्मद आशिक (प्रचार मंत्री) शामिल हैं। कार्यकारिणी में सुधीर गुप्ता, विम्मी बाजपेई, सिद्दीकी अकबर, उदय सिंह रावत व मदन सिंह बिष्ट निर्वाचित हुए।

प्रशस्ति पत्र के साथ रेलकर्मी।

स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने सुरक्षित व संरक्षित रेल संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को फरवरी 2026 माह के स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां चयनित कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। परिचालन विभाग से स्टेशन मास्टर पारस कुमार (बिन्दौरा) व वरिष्ठ गाड़ी प्रबंधक माल विनय कुमार पटेल (गोण्डा) को सम्मानित किया गया। वहीं इंजीनियरिंग विभाग के रेलवे ट्रैकमैन कर्मचारियों में उदय प्रकाश गौड़ (बिसवां), बिरजु यादव (बस्ती), प्रभात कुमार सम्मानित किए गए।

सिलेंडर सिर पर रखकर प्रदर्शन करतीं सपा महिला सभा की कार्यकर्ता।

सपा महिला सभा का अनोखा प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग स्थित समाजवादी पार्टी मुख्यालय पर शुक्रवार को महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती महंगाई के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। महिलाओं ने सिलेंडर को कफन ओढ़ाकर उसकी अर्थी निकाली और छाती पीटकर रोते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में हर जरूरी चीज के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है।

कार्यक्रम | कैपिटल तिराहा पर प्रतिमा पर माल्यार्पण, उपमुख्यमंत्री बोले, संघर्ष और बलिदान से लें प्रेरणा

वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के 168वें बलिदान दिवस पर शुक्रवार को कैपिटल तिराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा नेता डॉ. नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और महापौर सुषमा खर्कवाल समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और लोधी समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर नमन किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अवंती बाई लोधी का सनातन संस्कृति की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसे देश हमेशा याद रखेगा।

अवंती बाई लोधी की प्रतिमा के पास मौजूद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि सभी लोग उनके जीवन और संघर्ष को पढ़ें और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें। नीरज सिंह ने कहा कि रानी अवंती बाई लोधी का जीवन त्याग, वीरता और देशभक्ति का अनुपम उदाहरण है, जो आज भी राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। आनंद द्विवेदी ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता वीरांगना के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्रहित में समर्पित रहने के लिए संकल्पित है।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, संजय लोधी, किशन कुमार लोधी, राम शंकर राजपूत, विपिन सोनकर, घनश्याम अग्रवाल, मानवेंद्र सिंह, सीता नेगी, विजय भुर्जी, विनायक पांडे सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उपमुख्यमंत्री ने पढ़ाया अनुशासन का पाठ

- **अमृत विचार, लखनऊ :** कैंट विधानसभा क्षेत्र के कैंट मंडल-4 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आयोजित द्वि-दिवसीय मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला उद्घाटन सत्र में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती में प्रशिक्षण की भूमिका को अहम बताया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए प्रशिक्षण वर्ग अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने अनुशासन को भाजपा की कार्यपद्धति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि इसी अनुशासन के बल पर संगठन अपने उद्देश्यों को प्राप्त करता है। इस मौके मान सिंह, विनायक पांडेय, रूपा देवी, मुकेश कुमार, संतोष गुप्ता, संतोष अग्रवाल, वीरेंद्र शुक्ला, अमित शुक्ला, अमरेश प्रकाश मिश्रा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सिटी ब्रीफ

चयन वेतनमान के लिए शिक्षकों ने लगाई गुहार

अमृत विचार, लखनऊ : प्राथमिक शिक्षकों ने चयन वेतनमान प्राप्त करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्याएं बताई। शिक्षकों का कहना है कि चयन वेतनमान स्वीकृत होने के बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी व लेखा कार्यालय से आपत्ति लगाकर वेतन में आहरित नहीं किया जा रहा है। डॉ. प्रभा कान्त मिश्रा, मनोज मौर्य और सुधीर सहगल ने आरोप लगाया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सिटीजन चार्टर लागू किया जाना चाहिए। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहनलालगंज सुशील कुमार द्वारा घोर अनियमिताएं की जा रही है, जिनकी शिकायत शिक्षकों द्वारा उच्च अधिकारियों से की जा रही है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिकायत पर ध्यान न देकर खंड शिक्षा अधिकारी को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

एनएसएस में विभिन्न विषयों पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन के दूसरे दिन विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालयों के समन्वयकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने रासेयो की चुनौतियों और समाधान पर विचार साझा किए। क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना ने राष्ट्रीय उपयोगिता पर प्रकाश डाला, वहीं मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। तकनीकी सत्रों में पंजीकरण, डिजिटल जुड़ाव, डाटा प्रबंधन और क्रियान्वयन संबंधी मुद्दों पर प्रस्तुतियां दी गईं। नशा मुक्त भारत विषय पर विशेषज्ञों ने युवाओं में बढ़ती लत पर चिंता जताई और जनजागरूकता बढ़ाने की अपील की। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राष्ट्रभावना विकसित करने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया।

लविवि के 26 छात्रों को मिली गेट में कामयाबी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी संकाय ने राष्ट्रीय स्तर पर नया अध्याय जोड़ा है। प्रतिष्ठित ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग 2026 में संकाय के कुल 26 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। इनमें से कई छात्रों ने उल्लेखनीय ऑल इंडिया रैंक हासिल किया है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शाखाओं के छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया। तीसरे वर्ष के छात्र लक्ष्य सक्सेना ने 212वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर संकाय का नाम रोशन किया है। महिला छात्रों का योगदान भी उल्लेखनीय रहा जिसमें सान्योगिता पांडेय, पूरवी मालवीय, आलिया हैदर, स्नेहा गुप्ता, प्रगति त्रिपाठी और अन्विता सिंह जैसी छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है।

बारिश की भेंट चढ़े मुकाबले, कई मैच रद्द

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ में अचानक बदले मौसम ने क्रिकेट गतिविधियों पर ब्रेक लगा दिया। तेज बारिश के चलते अंडर-19 सेलेक्शन ट्रायल के तहत आयोजित मुकाबलों में से केवल एक मैच ही पूरा हो सका, जबकि दो अहम मुकाबले रद्द करने पड़े। बारिश के कारण पिच और आउटफील्ड पूरी तरह गीले हो गए, जिससे खेल कराना संभव नहीं हो पाया।

धतूरे की पत्तियों से रुकेगी ट्यूमर की ग्रोथ

लविवि छात्रा के शोध में दिखी बचाव की उम्मीद, कैंसर कोशिकाओं पर किया गया प्रयोग रहा बेहद सफल

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार: आयुर्वेद में कहा गया है कि नास्ति मूलं अनौषधं अथार्त कोई वनस्पति नहीं जिसकी औषधि न बनती हो। भगवान शिव को प्रिय धतूरा का पौधा भी ऐसे ही चमत्कारिक गुणों से भरा है। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणिविज्ञान की छात्रा डॉ. प्रियंका अग्रवाल के शोध में इस पौधों को लेकर चौंकाने वाले परिणाम सामने आए हैं। शोध के अनुसार धतूरे की पत्तियों से बनाए गए एसेंशियल ऑयल में कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने की अदभुत क्षमता है। धतूरे की पत्तियों में फाइटोल नामक कंपाउंड पाया जाता है जो एंटी ऑक्सीडेंट होने के साथ ही एंटी कैंसर गुणों से भरपूर होता है जो ट्यूमर की ग्रोथ रोकने में सक्षम है।

डॉ. प्रियंका अग्रवाल को उनके शोध के लिए पीएचडी अवार्ड हुई है। वह बताती है कि क्लीवेंजर्स उपकरण की मदद से उन्होंने धतूरे की पत्तियों के तेल में 36 प्रतिशत 'फाइटोल' कंपाउंड पाया। फाइटोल प्राकृतिक रूप ट्यूमर की ग्रोथ रोकने में सक्षम है। वायु प्रदूषण और धूम्रपान के कारण फेफड़े के कैंसर का पता अक्सर एडवांस स्टेज पर चलता है, जिससे इसके उपचार में दिक्कतें आती हैं। धतूरे पर आधारित यह हर्बल उपचार एक सस्ता और और बिना साइड इफेक्ट वाला सुरक्षित विकल्प साबित हो सकता है।

धतूरा का पौधा। अमृत विचार

पूणे से मंगाई गई कैंसर कोशिका : क्लीवेंजर्स उपकरण की मदद से धतूरे की पत्तियों में 0.01 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल पाया गया। इस तेल में 36 प्रतिशत 'फाइटोल' कंपाउंड पाया गया। शोध के दौरान 'ए-549' कैंसर सेल लाइन को पुणे के नेशनल सेंटर फॉर सेल साइंसेज से मंगाया गया। जिसपर धतूरे के तेल का परीक्षण किया गया तो परिणाम बेहद सकारात्मक मिले।

प्रतिवर्ष फेफड़े के कैंसर से 10 लाख मौत: भारत में हर साल फेफड़े के कैंसर के 12 से 18 लाख मामले आते हैं। जबकि उनमें से 25 से 35 प्रतिशत लोग का जीवन ही बच पाता है। देश में प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

> हमारे शोध में यह बात सामने आई कि डोज का सही होना जरूरी है। अधिक मात्रा में उपयोग नुकसानदायक होगा। धतूरे का उपयोग बिना विशेषज्ञ की सलाह के खतरनाक हो सकता है। यदि निर्धारित मात्रा (डोज) से अधिक तेल दिया जाए, तो शरीर की स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है।
>
> **-डॉ. प्रियंका अग्रवाल**
> **लखनऊ विश्वविद्यालय**

कैंसर कोशिकाएं 71 प्रतिशत हुई खत्म

- डॉ. प्रियंका अग्रवाल के शोध के दौरान 35 से 55 माइक्रोग्राम प्रति एमएल की निर्धारित डोज देने पर 24 घंटे के भीतर 71 प्रतिशत कैंसर कोशिकाएं मर गईं। इस शोध की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह तेल केवल कैंसर कोशिकाओं पर हमला करता है, शरीर की सामान्य कोशिकाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता।

लखनऊ पुस्तक मेले में कला संस्कृति की पुस्तकों का आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रवीन्द्रालय लॉन में आयोजित लखनऊ पुस्तक मेले का शुक्रवार को आठवां दिन रहा। 10 दिवसीय यह मेला 22 मार्च को समाप्त होगा।

मेले में कला और संस्कृति से जुड़ी पुस्तकों की विशेष मांग नजर आ रही है। भारतीय कला प्रकाशन और शुभी प्रकाशन के स्टालों पर नृत्य, नाटक, रंगमंच और गायन से संबंधित कई महत्वपूर्ण पुस्तकें उपलब्ध हैं। यहां कनका सुधाकर की इंडियन क्लासिकल डांसेज़, डॉ. विजयपाल की हस्त मुद्रा थेरेपी, नृत्यांगना शोवना नारायण व गीतिका की इंडियन माइथोलॉजी थ्रू क्लासिकल डांस, माया दास की अभिनय चन्द्रिका एंड ओडिसी डांस, वीना मूर्ति विजय की नृत्य तरंगिणी और शैरोन लावेन की आर्ट विदाउट फ्रंटियर्स जैसी पुस्तकें पाठकों को आकर्षित कर रही हैं। हिन्दी वांग्मय निधि के स्टाल पर लखनऊ की संस्कृति से जुड़ी 45 पुस्तिकाओं का सेट भी उपलब्ध है। वहीं स्थानीय लेखकों के स्टाल पर कमलेश दुबे की तबले पर आधारित पुस्तक भी लोगों को पसंद आ रही है।

सांस्कृतिक मंच पर डॉ. डीएस शुक्ला की पुस्तक पत्नी पुराण का विमोचन किया गया, जिस पर चर्चा भी हुई। मुख्य अतिथियों और साहित्यकारों ने अपने विचार रखे। इसके साथ ही अलका प्रमोद की पांच पुस्तकों का लोकार्पण किया गया, जिनमें काव्य, लघुकथा और बाल साहित्य शामिल है। कार्यक्रम में पूर्व आईपीएस हरीश कुमार की पुस्तकों पर चर्चा और काव्य प्रस्तुतियों ने भी श्रोताओं को बांधे रखा। साहित्य साधक मंच की ओर से काव्य समारोह आयोजित किया गया।

राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 23 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: महिला क्रिकेट को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रथम स्व. राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 23 मार्च से किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 1090 चौराहे के निकट स्थित सेज स्टेडियम में खेली जाएगी।

यह टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) से अधिकृत है और इसका आयोजन क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) द्वारा किया जा रहा है। आयोजन सचिव हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता उनकी माताजी स्वर्गीय राधिका सिंह की स्मृति में राधिका फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रदेश की छह प्रमुख टीमों को दो समूहों में विभाजित किया गया है।

पूल ए में सीएएल लखनऊ ब्लू, आगरा और गोरखपुर की टीमें शामिल हैं, जबकि पूल बी में सीएएल लखनऊ रेड, कानपुर और सहारनपुर की टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

सभी मुकाबले 25-25 ओवर के प्रारूप में खेले जाएंगे। लीग चरण के बाद दोनों समूहों की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 27 मार्च को खेला जाएगा। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 31 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये मिलेंगे। आयोजन की घोषणा के दौरान सेज क्रिकेट अकादमी के निदेशक बृजेश यादव भी मौजूद रहे।

डिजिटल ऑटोमेशन की बारीकियां समझाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग स्थित भाऊराव देवरस शोधपीठ द्वारा आयोजित जनरेटिव एवं एजेंटिक एआई एंड डिजिटल ऑटोमेशन कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रथम सत्र में वक्ता अविरल सिंह ने पूर्व सत्रों की पुनरावृत्ति कराते हुए जनरेटिव एआई, लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स, नॉन-एलएलएम सिस्टम तथा इंटरनेट व फाइबर ऑप्टिक्स की मूल अवधारणाओं को सरल ढंग से समझाया। उन्होंने डिजिटल मार्केटिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका बताते हुए कहा कि एआई विचार निर्माण, ऑटोमेशन और निर्णय प्रक्रिया को तेज व प्रभावी बनाता है।

सत्र में क्लॉड एआई, ट्राइब्लूम एआई और माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट जैसे टूल्स का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही गूगल ऐड्स, गूगल कीवर्ड प्लानर, उबरसजेस्ट, आंसर द पब्लिक, कीवर्ड टूल और सेमरश जैसे टूल्स की जानकारी दी गई, जो एसईओ और डिजिटल मार्केटिंग में उपयोगी हैं। द्वितीय सत्र में कंटेंट क्रिएशन, मार्केटिंग और व्यावसायिक कार्यों में एआई के प्रयोग पर चर्चा हुई। रनवे एमएल के माध्यम से वीडियो एडिटिंग और कंटेंट निर्माण की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही एआई आधारित विज्ञापन अभियानों, टार्गेट ऑडियंस तक पहुंच और डेटा आधारित निर्णय पर जोर दिया गया। कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही, जिससे उन्हें एआई के व्यावहारिक उपयोगों की गहन समझ प्राप्त हुई।

बीबीएयू में एआई और डिजिटल भविष्य पर हुआ मंथन

कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. आरके मित्तल।

अमृत विचार, लखनऊ: बाबा साहब भीमराव अंबेदकर विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से "बुद्धिमान और सतत डिजिटल भविष्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उभरती प्रौद्योगिकियां" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति राज कुमार मित्तल ने की। कुलपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसका संतुलित और जिम्मेदार उपयोग आवश्यक है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के टीवी विजय कुमार ने एआई को सहायक तकनीक बताते हुए इसके विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई से कार्यक्षमता बढ़ी है, लेकिन निजता, रोजगार और मानवीय क्षमताओं पर इसके प्रभाव को भी समझना जरूरी है। जर्मनी के विष्णु अनुराग ने रोबोटिक सर्जरी में एआई की भूमिका बताते हुए कहा कि इससे एमआरआई और सीटी स्कैन विश्लेषण अधिक सटीक हुआ है और सर्जरी की गुणवत्ता में सुधार आया है। वहीं सिडनी से ऑनलाइन जुड़े कुंदन मिश्रा ने बैंकिंग और शिक्षा में एआई के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में तकनीकी सत्र, पैनल चर्चा, कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया और संयोजक राजश्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

महर्षि यूनिवर्सिटी में स्वयंसेवकों ने दिखाया सामाजिक सरोकार

अमृत विचार, लखनऊ : महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफार्मेशन टैक्नोलॉजी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाइयों द्वारा विशेष शिविर का समापन किया गया। पल्हरी गांव में स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरुक किया। समापन अवसर पर अधिष्ठाता अकादमिक नीरज जैन ने कहा कि एनएसएस से विद्यार्थियों में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास हुआ है, जो उनके व्यवहार में स्पष्ट दिखता है। कार्यक्रम में कुलपति भानु प्रताप सिंह, रजिस्ट्रार गिरीश छिमवाल, वित्त अधिकारी वरुण श्रीवास्तव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता विकास शुक्ला और अन्य अधिकारियों ने शिविर की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारियों सपन अस्थाना, राम प्रकाश सिंह और सुगत शुक्ला के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, वृक्षारोपण और शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम संचालित किए।

अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज में सुविधाएं की जाएंगी विकसित

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम अपने विद्यालयों और डिग्री कॉलेज में बेहतर सुविधाएं विकसित करेगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार को नगर निगम के अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज का निरीक्षण करके अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त को आवश्यक निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने कहा कि प्रशासनिक भवन के सामने प्रांगण की दीवार के दोनों ओर पत्थरों से अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज लिखवाया जाए। प्रांगण में गेट नंबर 2 के पास बने अनुपयोगी पम्प हाउस को हटाकर वहां कैंटीन बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कॉलेज के पास मुख्य मार्ग पर नगर निगम की करीब 1800 वर्ग फुट खाली जमीन पर पुस्तकालय या कंप्यूटर लैब बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य अभियंता आरआर को निर्देशित किया कि कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने खड़े बेकार थ्री व्हीलर को क्रेन से हटाया जाए।

डिग्री कॉलेज का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त साथ में अपर नगर आयुक्त अरुण गुप्ता।

- **दीवार के दोनों ओर पत्थरों से लिखा जाएगा कॉलेज का नाम**
- **नगर आयुक्त ने कॉलेज का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश**

चित्त और चैतसिक पर हुई केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ: केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित विशिष्ट व्याख्यानमाला के अंतर्गत बौद्ध दर्शन एवं पालि विद्याशाखा द्वारा एक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता रामनक्षत्र प्रसाद, पूर्व कुलपति, नव नालंदा महाविहार, नालंदा ने "अभिधम्मत्थसंगहो में चित्त एवं चैतसिक" विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बौद्ध दर्शन के गूढ़ सिद्धांतों को सरल ढंग से समझाया। विशिष्ट अतिथि उमाशंकर व्यास ने कहा कि प्रत्येक मानवीय प्रक्रिया के पीछे एक नियोजित विचार और योजना कार्य करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक सर्वनारायण झा ने की। उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन मन की शांति, संतुलन और आत्म-नियंत्रण का मार्ग दिखाता है। संयोजक प्रफुल्ल गडपाल ने कहा कि बौद्ध दर्शन के सिद्धांतों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देते हैं।

सिटी डायरी

पंचांग का विमोचन करते राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा व अन्य।

गोमती प्रवाह वार्षिक पंचांग के 27वें अंक का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने शुक्रवार को गोमती प्रवाह वार्षिक पंचांग के 27वें अंक का विमोचन अपने आवास पर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लखनऊ का पहला पंचांग लगातार 27 वर्ष से प्रकाशित हो रहा है जिसका वितरण निशुल्क समाज के बीच किया जाता है। संपादक रिद्धि किशोर गौड़ ने संपादकीय के माध्यम से लोगों से निवेदन किया कि स्वस्थ जीवन जीना है तो प्रकृति के साथ रहना शुरू करें और उसका संरक्षण करें। मूर्ति का पूजन कर घर में ही विसर्जन किया जा सकता है। विमोचन के अवसर पर शुभ संस्कार समिति के सचिव रिद्धि किशोर गौड़, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, अजय मेहरोत्रा, धर्म रक्षा संघ के अध्यक्ष मोहित शर्मा, सप्त ऋषि मिश्रा, राजीव तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बीबीडी में मेगा फेस्ट के मौके पर छात्र-छात्राएं।

बीबीडी में मैनेजमेंट मेगा फेस्ट मंथन

अमृत विचार, लखनऊ : बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय मैनेजमेंट मेगा फेस्ट मंथन का आयोजन किया गया। ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देशन में कार्यक्रम प्रांरभ हुआ। मेगा फेस्ट में 100 मीटर रेस, बाधा दौड़, रस्साकसी, गायन, नृत्य और सामूहिक नृत्य की प्रतियोगिता में नेशनल पीजी कॉलेज की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कारपोरेट वॉक में बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्र प्रथम आए। फेस पेंटिंग, टीशर्ट पेंटिंग और स्केचिंग में बीबीडी यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने बाजी मारी। एकल नृत्य में भातखंडे के छात्र प्रथम आए। मैनेजमेंट के सभी प्रतियोगिताओं में बीबीडी यूनिवर्सिटी का परचम लहराया। पुरस्कार वितरण वाइस चांसलर कृष्ण श्रीवास्तव व प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सतीश चंद्र शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित कालीचरण महाराज व अन्य संतवृंद।

कवि सम्मेलन में गूंजा राष्ट्रभाव साहित्य और संस्कृति का संगम

अमृत विचार, लखनऊ : द लीली हॉल्पिंग हैंड्स और आराधना परिवार के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कालीचरण महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित कवियों ने ओजपूर्ण, राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत और भावनात्मक रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों विभिन्न समाजों के गणमान्य लोगों, साहित्य प्रेमियों, बुद्धिजीवियों और आमजन की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे।

डिवाइन एजुकेशन कांफ्रेंस में बोलती छात्रा।

डिवाइन एजुकेशन कॉन्फ्रेंस का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैंपस में 'डिवाइन एजुकेशन कॉन्फ्रेंस' का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कर्नल (डॉ.) प्रवीण कुमार सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में आईएएस-2025 में ऑल इंडिया 34वीं रैंक हासिल करने वाली नैन्सी सिंह ने छात्रों को प्रेरित किया। उन्हें उनकी सफलता के लिए सम्मानित भी किया गया। नैन्सी सिंह, वर्ष 2017 बैच की छात्रा हैं और अब तक स्कूल की 86वीं छात्र हैं।

सम्मेलन में उपस्थित लघु उद्योग भारती के सदस्य व अन्य। अमृत विचार

लघु उद्योग भारती का सम्मेलन आयोजित

अमृत विचार , लखनऊ: लघु उद्योग भारती लखनऊ ने गोमतीनगर विस्तार स्थित एक निजी होटल में वार्षिक आम सभा, अवध संभाग बैठक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कान्क्लेव और पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया।

इस आयोजन में व्यापारिक विमर्श, बैंकिंग समाधान और सांस्कृतिक पर चर्चा हुई। वार्षिक आम सभा में आगामी वर्ष (2026-27) की रूपरेखा तय की गई और अवध संभाग की प्रगति पर विचार-विमर्श हुआ। तीसरे चरण में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ उद्यमियों की समस्याओं और ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्य अतिथि स्वांत रंजन अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख, मधुसूदन दादू अखिल भारतीय अध्यक्ष लघु उद्योग भारती सहित अन्य दिग्गज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष लघु उद्योग भारती ने की। रामप्रकाश गुप्ता, अरूण भाटिया, केशव माथुर, राजीव शर्मा और अनुज सहानी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

लखनऊ मंडल ने चित्रकूट को 3-0 से हराया

अमृत विचार, लखनऊ: खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ की देखरेख में चल रही राज्य स्तरीय अंडर-19 बालक फुटबॉल चैंपियनशिप में लखनऊ मंडल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को अपने तीसरे मुकाबले में चित्रकूट मंडल को 3-0 से पराजित कर दिया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों पक्षों ने कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी और हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 से बराबरी पर रहा। दूसरे हाफ में लखनऊ मंडल ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए खेल की दिशा बदल दी। 51वें मिनट में शोभित ने पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 64वें मिनट में आदित्य ने बढ़त को दोगुना कर दिया। 70वें मिनट में आयुष ने तीसरा गोल दागकर जीत पर मुहर लगा दी।

बास्केटबॉल एकेडमी के उद्घाटन अवसर पर मौजूद खिलाड़ी। अमृत विचार

बास्केटबॉल एकेडमी की शुरुआत

अमृत विचार, चौक: कालीचरण पीजी कॉलेज में बास्केटबॉल एकेडमी समारोह का शुभारंभ हुआ। खेल जगत में युवाओं को नई दिशा देने के उद्देश्य से आज 'बास्केटबॉल एकेडमी' का उद्घाटन उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस नवनिर्मित एकेडमी का लक्ष्य क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करना है। मुख्य अतिथि के रूप में कालीचरण के प्राचार्य प्रो. चन्द्र मोहन उपाध्याय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्राचार्य ने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बास्केटबॉल जैसे खेल न केवल शारीरिक स्फूर्ति बढ़ाते हैं। अकादमी के संयोजक विक्रांत ने बताया कि आधुनिक कोर्ट और अनुभवी कोचों की देखरेख में खिलाड़ियों के कौशल को निखारा जाएगा।